भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2471
सोमवार, 08 जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक)

व्यावसायिक शिक्षा

2471. श्री अजय कुमार मंडलः
डॉ॰ निशिकांत दुबेः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करने के लिए किसी विशेष शैक्षिक जोन की स्थापना करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने देश में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित पहल की हैः

i. मौजूदा क्षेत्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण निदेशालयों (आरडीएटीज) तथा राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआइज) का पुनर्गठन करते हुए 22 क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालयों (आरडीएसडीइज) तथा 14 एनएसटीआइज विस्तार केंद्रों का सृजन किया गया ताकि सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण की सभी प्रकार की गतिविधियों की निगरानी की जा सके।
ii. प्रौद्योगिकी नवाचार के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए वर्ष 2018 में 13 नए व्यवसायों/ पाठ्यक्रमों नामतः तकनीशियन मेकॉट्रोनिक्स, मृदा परीक्षण और फसल तकनीशियन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्निशियन (3डी प्रिंटिंग) और रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए)/ड्रोन पायलट आदि की शुरूआत।
iii. शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप बना दिए गए हैं।
iv. अहमदाबाद और कोलकाता में दिव्यांगों के लिए स्थापित प्रथम दो आईटीआइज तथा पुणे महाराष्ट्र में सेना के लिए एक आईटीआई के लिए संबद्धता प्रदान की गई।

v. आईटीआइज की ग्रेडिंग
vi. असेवित ब्लाकों में आईटीआइज की स्थापना हेतु संबद्धता मानदंडों में छूट
vii. छात्रों तथा अनुदेशकों को एनएसक्यूएफ पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम सामग्री, वीडियो, प्रश्न बैंक, मॉक टेस्ट आदि की सुविधा उपलब्ध करवाने वाले एक केंद्रीय कोष के रूप में भारत स्किल्स लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) की शुरूआत।

वर्तमान में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 136 व्यवसायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वर्तमान में कुल 14,494 (2876 सरकारी तथा 11618 निजी) आईटीआइज संबद्ध हैं। सत्र 2018-19 के दौरान एक और दो साल की अवधि के व्यवसायों में कुल 23.12 लाख प्रशिक्षणार्थियों को नामांकित किया गया है।

अगस्त 2016 से कुल 5.83 लाख प्रशिक्षणार्थी शिक्षुता प्रशिक्षण में नामांकित है।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने अपनी 38 क्षेत्र कौशल परिषदों के माध्यम से अल्पावधि पाठ्यक्रमों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत लगभग 67 लाख प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया है। लगभग 605 प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) राज्यों के जिलों में भी कार्य कर रहे हैं जिनमें कुल 7.39 लाख प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के तहत देशभर में कुल 14 भारतीय अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र कार्यरत हैं।

(ख तथा ग). वर्तमान में, मंत्रालय के पास विशेष शिक्षा जोन स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

*****